# दिल्ली के पालम में आग से 9 लोग जिंदा जले

## दमकल ने 10 लोगों को बचाया, दो ने छलांग लगाकर जान बचाई

▸ पालम आग हादसा- 3 नाबालिग लड़कियां भी जलीं

**नई दिल्ली, 18 मार्च. नई दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह करीब 7 बजे एक 4 मंजिला रिहायशी बिल्डिंग में आग लग गई। वहीं राजस्थान के जालोर जिले में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जब एथेनॉल से भरा टैंकर पलटने के बाद आग का गोला बन गया.**

इस हादसे में ड्राइवर जिंदा जल गया. आग में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। दो लोग कूदकर अपनी



जान बचाने में सफल रहे, जबकि दमकल ने 10 लोगों को रेस्क्यू किया। आग बेसमेंट से चौथे फ्लोर तक फैली थी। बिल्डिंग में कपड़े और कॉस्मेटिक सामान स्टोर किए गए थे। घटनास्थल पर प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमें बचाव और कूलिंग ऑपरेशन में जुटी हुई हैं.

### पालम में अग्निकांड पर प्रधानमंत्री ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी के पालम इलाके में भीषण अग्निकांड में हुई जानमाल की हानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है और इस त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, श्री मोदी ने प्रत्येक मृतक के निकटतम संबंधी को दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है.

### जालोर में एथेनॉल टैंकर पलटा, लगी आग

**जालोर.** राजस्थान के जालोर जिले में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जब एथेनॉल से भरा टैंकर पलटने के बाद आग का गोला बन गया। जैसलमेर-जामनगर नेशनल हाईवे पर हुई इस घटना में ड्राइवर जिंदा जल गया, जबकि उसका साथी कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। टैंकर से तेल रिसने के कारण आग करीब 200 मीटर तक फैल गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और हाईवे पर यातायात प्रभावित हुआ.

### मृतकों के परिजनों के लिए 10-10 लाख की वित्तीय सहायता

**नयी दिल्ली, 18 मार्च.** दिल्ली सरकार ने पश्चिमी दिल्ली के पालम इलाके में बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी भीषण आग की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं तथा मृतकों के परिजन को दस दस लाख वित्तीय सहायता की घोषणा की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस हादसे में हुई मासूमों की मौत को हृदयविदारक बताते हुए आज पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं.

# पीएम के मार्गदर्शन में यूपी का हुआ विकास

**लखनऊ, 18 मार्च. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश में हुए व्यापक बदलावों को रेखांकित किया। उन्होनें कहा कि नव वर्षों में जो भी परिवर्तन हुआ है वह प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन व नेतृत्व और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के परिश्रम, जनप्रतिनिधियों के सेवा भाव से किये गए कार्यों व जनता जनार्दन के सहयोग का प्रतिफल है.**

उन्होंने कहा 9 वर्ष पहले उत्तरप्रदेश के कौन से कारक थे जिन कारणों से नौजवानों के सामने पहचान का संकट पैदा हुआ था, क्या कारण था सबसे उर्वर प्रदेश के होने के बावजूद हमारा अन्नदाता किसान आत्महत्या



करता था. बेटी, व्यापारी को कोई सुरक्षा नही थी। नौजवान हताश था, नौकरी निकली नही महाभारत के सारे किरदार निकल प?ते थे. सीएम ने ये भी कहा कि 9 साल पूरे हो रहे हैं हमने 9 लाख करो? से ज्यादा का बजट पेश किया। कल से त्यौहार शुरू हो रहे हैं। कोई दंगा नहीं, कोई तनाव नहीं कोई कर्फ्यू नहीं। ये है अच्छे लॉ एंड आर्डर का असर है।

उन्होंने कहा यही तो वो प्रदेश है, इस समय रम?ान ईद के साथ नवरात्र भी मनाया जा रहा है, कहीं कोई हलचल है क्या? शालीनता के साथ सारे पर्व त्योहार मनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा पहले हर आयोग और भर्ती बोर्ड पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते थे. लेकिन पिछली सरकारों ने दंगाईयों के काल पीएसी को समाप्त कर दिया था, हमने उनकी 34 कम्पनियों को फिर से पुनर्जीवित करके,पहली बार 3 महिला बटालियन की भी स्थापना की। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में 16 डोमेस्टिक एयरपोर्ट, 4 इंटरनेशनल एयरपोर्ट, और 5वां देश का सबसे ब?ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ?वर में बना है।

# निर्बाध समुद्री आवाजाही सुनिश्चित करना भारत की प्राथमिकता है

▸ पीएम मोदी ने कुवैत के प्रिंस शेख सबाह अल-खालिद से की बात

**नई दिल्ली, 18 मार्च. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से फोन पर बातचीत की और ईद की शुभकामनाएं दीं. इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की और क्षेत्र में बढ़ते तनाव को लेकर चिंता जताई.**

बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने कुवैत पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की और उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के समर्थन की



बात दोहराई. उन्होंने यह भी कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवाजाही सुनिश्चित करना भारत की प्राथमिकता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर बताया कि दोनों नेताओं के बीच क्षेत्र की स्थिति को लेकर विस्तार से चर्चा हुई. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए लगातार कूटनीतिक बातचीत जरूरी है.

## राष्ट्रपति आज करेगी रामलला के दर्शन



**नई दिल्ली, 18 मार्च.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च, गुरुवार से उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय धार्मिक प्रवास पर रहेंगी. कार्यक्रम की शुरुआत सुबह दिल्ली से अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन और आरती से होगी. इसके बाद वह विशेष विमान और सेना के हेलीकॉप्टर के जरिए मथुरा के मोतीकुंज हेलीपैड पहुंचेंगी. यहां से वह सड़क मार्ग द्वारा वृंदावन प्रस्थान करेंगी, जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और योगी सरकार के वरिष्ठ मंत्री उनकी अगवानी करेंगे. राष्ट्रपति के इस दौरे का उद्देश्य प्रमुख मंदिरों में दर्शन-पूजन और संतों का सान्निध्य प्राप्त करना है.

# रेल परियोजनाओं पर तेजी से हो रहा है काम

## बोले अश्विनी वैष्णव - भारत की पहली अंडर सी रेल सुरंग पर भी कार्य प्रगति पर

**अहमदाबाद, 18 मार्च। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में भारतीय रेलवे की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि देशभर में रेल अवसंरचना के विकास को अभूतपूर्व गति दी जा रही है।**

रेल मंत्री ने गुजरात से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि मुंबईङ्कअहमदाबाद हाई-स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन) परियोजना पर तेजी से कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना के अंतर्गत 300 किलोमीटर से अधिक वायाडक्ट का निर्माण पूरा किया जा चुका है, जबकि पियर निर्माण, ट्रैक बिछाने तथा स्टेशनों के विकास का कार्य निरंतर जारी है। इसके साथ ही



भारत की पहली अंडर सी रेल सुरंग पर भी कार्य प्रगति पर है।

उन्होंने बताया कि परियोजना के अंतर्गत 435 किलोमीटर फाउंडेशन कार्य, 338 किलोमीटर गर्डर इंस्टॉलेशन तथा 168 किलोमीटर ट्रैक बिछाने के साथ ओएचई इंस्टॉलेशन का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। वापी, बिलिमोरा, सूरत तथा बीकेसी सहित कई स्टेशनों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। रेल मंत्री ने जानकारी दी कि कई नदियों पर पुलों का निर्माण पूरा किया जा चुका है तथा भरूच, वडोदरा, आनंद, नडियाद, अहमदाबाद एवं साबरमती क्षेत्रों में कार्य तीव्र गति से प्रगति कर रहा है। सीमा क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नए रेलवे लाइनों के सर्वेक्षण भी किए जा रहे हैं। कच्छ क्षेत्र में देशलपारङ्कहाजीपीर तथा वायोरङ्कलखपत के बीच नई रेल कनेक्टिविटी विकसित करने की योजना पर कार्य प्रारंभ किया गया है। भारतीय रेलवे वर्तमान में अभूतपूर्व विस्तार और आधुनिकीकरण के दौर से गुजर रही है.

## तानाशाह किम जोंग उन का 687 सीटों पर कब्जा

**प्योंगयांग, 18 मार्च.** उत्तर कोरिया में 2026 के संसदीय चुनावों में किम जोंग उन की वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया और उसके सहयोगी दलों ने एक बार फिर जीत हासिल की है.

उत्तर कोरिया की स्टेट मीडिया के मुताबिक, वोटिंग में कुल 99.99 प्रतिशत मतदाताओं ने हिस्सा लिया और इनमें से 99.93 प्रतिशत ने नामांकित उम्मीदवारों को समर्थन दिया. सिर्फ 0.07 प्रतिशत वोट विरोध में पड़े. इस तरह सभी 687 सीटें सत्ताधारी गठबंधन के पास चली गईं. ये चुनाव 15वें सुप्रीम पीपुल्स असेंबली के डिप्टी चुनने के लिए कराए गए थे. वोटिंग के नतीजे आने के बाद प्योंगयांग में नई असेंबली की पहली बैठक जल्द ही होने वाली है.

## आज का इतिहास

1279- मंगोलों ने चीन के सांग वंश का अंत किया।
1571- स्पेन की सैन्य टुकड़ियों ने मनीला पर कब्जा किया।
1674- छत्रपती शिवाजी महाराज की पत्नी काशीबाई का निधन।
1877- ऑस्ट्रेलिया ने पहले आधिकारिक टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 45 रन से हराया।
1915- पहली बार प्लूटो की तस्वीर ली गई। 1930 में इसे सौरमंडल का 9वां ग्रह मान लिया गया।
1920- अमेरिकी सीनेट ने वर्साय की संधि को खारिज किया।
1944- आजाद हिंद फौज ने पूर्वोत्तर भारत में मुख्य भूमि पर राष्ट्रध्वज फहराया।

# केजरीवाल ने की मंगेश देवस्थान में पूजा-अर्चना

▸ बसपा के गीतेश नाइक आप में शामिल

**पणजी, 18 मार्च. आम आदमी पार्टी ने गोवा में अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है. पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने बहुजन समाज के सामाजिक कार्यकर्ता गीतेश नाइक को पार्टी में शामिल कराया.**

केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि नाइक के जुड़ने से पोंडा और गोवा में पार्टी को नई ताकत मिलेगी. गोवा दौरे के दौरान



केजरीवाल ने मंगेश देवस्थान में पूजा-अर्चना भी की. इस दौरान उन्होंने राज्य के लोगों की शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। गोवा में राजनीतिक सक्रियता के बीच आम आदमी पार्टी ने अपने संगठन को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है. पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने बहुजन समाज के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता गीतेश नाइक को पार्टी की सदस्यता दिलाई. केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए नाइक का स्वागत किया.

## पाकिस्तान के क्रूर हमले की सच्चाई से दुनिया को कराएं रूबरू

**काबुल, 18 मार्च.** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने बुधवार को विदेशों में स्थित अफगान दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के राजनयिकों संग वर्चुअल बैठक की. इस बैठक में उन्होंने राजनयिकों को काबुल के स्पष्ट रुख, नीति और भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में आवश्यक निर्देश और मार्गदर्शन दिए. यह बैठक पाकिस्तान द्वारा एक नशा मुक्ति अस्पताल पर की गई घातक बमबारी की घटना के बाद हुई, जिसमें सैकड़ों लोगों की जान चली गई थी. इस बैठक में मंत्री ने पाकिस्तानी सैन्य शासन द्वारा हमले की जानकारी साझा की.

# गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंचा 'जग लाडकी'

**अहमदाबाद, 18 मार्च.** ईरान-इजरायल जंग से पैदा हुए हालात के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर है. भारतीय जहाज जग लाडकी हॉर्मुज के रास्ते क्रूड ऑयल टैंकर लेकर भारत पहुंच चुका है. इसे गुजरात में मुंद्रा पोर्ट पर डॉक किया है. तेल के यह टैंकर यूएई से मंगवाए गए हैं. इनमें लगभग 80,886 मीट्रिक टन क्रूड ऑयल था, जिसे फुजैराह पोर्ट पर लोड किया है. इस 274.19 मीटर की लंबाई और 50.04 मीटर की चौड़ाई वाले टैंकर का डेडवेट टन भार लगभग 164,716 टन और ग्रॉस टन भार लगभग 84,735 टन है, इससे देश में कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ेगी.



# 11 जिलाधिकारी और केएमसी कमिश्नर हटाए

▸ पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने की बड़ी कार्रवाई

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव

**कोलकाता, 18 मार्च. चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले प्रशासनिक निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एक निर्णायक कदम उठाते हुए बुधवार को 11 जिलाधिकारियों (डीएम) और कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के आयुक्त को उनके पद से हटा दिया है.**

आयोग इससे पहले भी राज्य के शीर्ष नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों पर भी इसी तरह की कार्रवाई कर चुका है। आयोग की बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, प्रशासनिक तटस्थता को मजबूत करने के उद्देश्य से वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर प्रमुख जिलों में जिलाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के रूप में तैनात करने का निर्देश दिया गया है। इस बड़े फेरबदल के तहत आयोग ने कई जिलों के प्रशासनिक प्रमुखों को बदलते हुए नए अधिकारियों की नियुक्ति की है। आदेश के मुताबिक, कूचबिहार में राजू मिश्रा के स्थान पर जितिन यादव और जलपाईगुड़ी में रवि प्रकाश मीणा की जगह संदीप घोष को नियुक्त किया गया है। उत्तर दिनाजपुर में भी बदलाव किया गया है, जहाँ सुरेंद्र कुमार मीणा के स्थान पर विवेक कुमार कार्यभार संभालेंगे. इसी प्रकार मालदा और मुर्शिदाबाद में क्रमशः प्रीति गोयल और नितिन सिंघानिया के स्थान पर राजबीर सिंह कपूर और आर अर्जुन को तैनात किया गया है. नदिया जिले में निखिल निर्मल को हटाकर श्रीकांत पल्ली को लाया गया है, जबकि पूर्वी बर्धमान में आयशा रानी की जगह श्वेता अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई है। आयोग ने उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों के नेतृत्व में भी बदलाव किया है.

जहाँ उत्तर 24 परगना में शशांक सेठी की जगह शिल्पा गौरीसरिया और दक्षिण 24 परगना में अरविंद कुमार मीणा के स्थान पर अभिषेक कुमार तिवारी को नियुक्त किया गया है.

### टीएमसी ने उतारे 291 सीटों पर उम्मीदवार

74 विधायकों के टिकट काटे

04 बार सत्ता में वापसी की कोशिश में टीएमसी

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में टीएमसी ने बड़ा दांव खेला है। ममता बनर्जी ने 291 सीटों पर उम्मीदवारों की पूरी सूची एक साथ घोषित कर दिया, जिसमें 74 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे गए। पार्टी ने युवा, महिलाएं और अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता दी है। भवानीपुर सीट इस बार सबसे बड़ी लड़ाई का केंद्र बन चुकी है, जहां ममता और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी आमने-सामने होंगे। टीएमसी लगातार चौथी बार सत्ता में वापसी की कोशिश में है और इस बार बदलाव और पारदर्शिता को चुनावी हथियार बनाया है। कोलकाता- पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए टीएमसी ने मंगलवार को अपने 291 उम्मीदवारों की पूरी सूची घोषित कर दी। पार्टी प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि हम भाग-भाग कर लिस्ट नहीं जारी करते, सभी उम्मीदवार एक साथ घोषित किए गए हैं। टीएमसी ने 224 मौजूदा विधायकों में से केवल 135 को ही फिर से टिकट दिया, 15 की सीट बदल दी और 74 विधायकों के टिकट काटे। यह पार्टी का अब तक का सबसे बड़ा फेरबदल माना जा रहा है। इस बार भवानीपुर सीट पर ममता खुद चुनाव लड़ेंगी और उनका मुकाबला भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी से होगा। ममता ने 2021 में नंदीग्राम से चुनाव लड़ा था और हार का सामना किया, लेकिन भवानीपुर से उपचुनाव में करीब 58 हजार वोट से जीत हासिल की थी. टीएमसी का दावा है कि भवानीपुर में मतदाता सूची में 47 हजार नाम हटा दिए गए हैं, जबकि भाजपा इसे पारदर्शी प्रक्रिया मानती है। टीएमसी ने युवा उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी है; 291 उम्मीदवारों में से 219 की उम्र 60 साल से कम है.

### प्रद्युत बोरदोलोई ने कांग्रेस छोड़ी, बीजेपी का हाथ थामा

**गुवाहाटी.** असम विधानसभा चुनाव से पहले सियासी फेरबदल हुआ है। कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने पार्टी से इस्तीफा देकर बीजेपी का दामन थाम लिया। उन्होंने कांग्रेस पर अपमान और घुटन का आरोप लगाया। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा की मौजूदगी में उन्होंने बीजेपी जॉइन की। इसी के साथ बीजेपी ने सीट बंटवारे का फॉर्मूला भी साफ कर दिया है, जिसमें पार्टी 126 में से 89 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि बाकी सीटें सहयोगी दलों को दी जाएंगी। असम विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है।

### असम में बीजेपी का मेगा प्लान, 89 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**गुवाहाटी, 18 मार्च।** असम विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर बीजेपी ने बड़ा चुनावी प्लान तैयार कर लिया है। पार्टी 126 में से 89 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि सहयोगी दल एजीपी और बीपीएफ को क्रमशः 26 और 11 सीटें दी गई हैं। इस बीच कांग्रेस छोड़कर हाल ही में बीजेपी में शामिल हुए प्रद्योत बोरदोलोई को दिसपुर सीट से टिकट मिलने की चर्चा तेज हो गई है। आज होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम मुहर लग सकती है। असम विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनावी रणनीति को अंतिम रूप दे दिया है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने घोषणा की है कि 126 सदस्यीय विधानसभा में बीजेपी 89 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। गठबंधन के तहत असम गण परिषद को 26 सीटें और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट को 11 सीटें दी गई हैं। इस रणनीति को लेकर दिल्ली में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की अहम बैठक हो रही है, जिसमें 89 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। माना जा रहा है कि बीजेपी जल्द ही अपनी पहली उम्मीदवार सूची जारी कर सकती है।

### केरल सीपीआई ने नामांकन दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की

**तिरुवनंतपुरम.** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव बिनॉय विश्वम ने प्रभावी कार्य दिवसों की कमी का हवाला देते हुए आगामी 2026 केरल विधानसभा चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23 मार्च है। हालांकि, विश्वम ने कहा कि 20 मार्च को ईद-उल-फितर के कारण सार्वजनिक अवकाश है जबकि 22 मार्च को रविवार है। परिणामस्वरूप, उम्मीदवारों के पास नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के लिए कम कार्यदिवस बचेंगे। उन्होंने इस स्थिति को उम्मीदवारों के बीच असुविधा एवं भ्रम पैदा करने वाला बताया और चुनाव आयोग से आग्रह किया.

# फ्लाइट में एक ही पीएनआर पर साथ-साथ मिलेगी सीट

▸ 60 प्रतिशत सीटों का आवंटन बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के करना अनिवार्य होगा

**नई दिल्ली, 18 मार्च (वार्ता) एक ही पीएनआर पर बुक कराए गए टिकट पर अब यात्रियों को फ्लाइट में एक साथ सीट देना अनिवार्य कर दिया गया है. नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सभी विमान सेवा कंपनियों को इस संबंध में निर्देश जारी किया है.**

इसमें कहा गया है कि कम से कम 60 प्रतिशत सीटों का आवंटन बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के करना अनिवार्य होगा. साथ ही एक ही पीएनआर पर बुक कराए गए



टिकट के लिए यात्रियों को एक साथ सीट देनी होगी, जहां तक संभव हो उन्हें अगल-बगल की सीट प्रदान करने के लिए कहा गया है. आमतौर पर ऐसी बहुत सारी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें एक ही परिवार के लोगों को एक ही पीएनआर पर बुक कराए गए टिकट पर काफी दूर-दूर बैठने के लिए सीट आवंटित की जाती थी, जिससे लोगों को परेशानी होती थी.

# राज्यों को 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा एलपीजी कोटा मिलेगा

▸ मोदी और पेट्रोलियम मंत्री के बीच 2 घंटे चली बैठक

▸ एलपीजी की जगह पीएनजी का करें इस्तेमाल : सरकार

**नई दिल्ली, 18 मार्च. ईरान-इजराइल जंग के बीच भारत में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है. इसी बीच केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि राज्यों को 10 प्रतिशत ज्यादा एलपीजी कोटा देने का ऑफर दिया गया है. साथ ही राज्यों से धीरे-धीरे एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाने में मदद करने को कहा गया है.**

पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी उत्पादन 40 प्रतिशत बढ़ा है लेकिन हालात पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं. एलपीजी की दिक्कत अभी भी बनी हुई है. उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग बेहतर हुई है, लेकिन डिस्ट्रीब्यूटर के यहां अभी भी लंबी लाइनें लग रही हैं. वहीं कच्चे तेल-गैस की सप्लाई को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संसद भवन में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक की. इसमें कच्चे तेल और गैस की उपलब्धता, उनके इम्पोर्ट और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की गई. करीब 2 घंटे चली बैठक में सरकार ने अपने आपातकालीन तेल भंडार की भी समीक्षा की है.

साक्षात्कार ▸ खामेनेई के रुख का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी

# ईरान की परमाणु नीति में बड़ा बदलाव नहीं

**तेहरान, 18 मार्च। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि इजरायल-अमेरिका के हमलों में सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद हुए नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद देश की परमाणु नीति में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।**

यह अभी स्पष्ट नहीं है। श्री अराघची ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे धार्मिक आदेश उस इस्लामी विधिवेत्ता से जुड़े होते हैं, जो उन्हें जारी करता है। ईरान के नये सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रुख का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि फतवे उस



इस्लामी विद्वान पर निर्भर करते हैं जो उन्हें जारी करता है और वह अभी उनके धार्मिक या राजनीतिक दृष्टिकोण पर टिप्पणी नहीं कर सकते। उनकी टिप्पणी से संकेत मिलता है कि ईरान की परमाणु नीति अपने मूल रुख में व्यापक रूप से निरंतरता बनाए रखेगी.

### ईरान युद्ध ज्यादा लंबा नहीं चलेगा -ट्रंप



**वाशिंगटन.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ जारी युद्ध ज्यादा लंबा नहीं चलेगा, लेकिन उन्होंने इसके समाप्त होने की कोई स्पष्ट समयसीमा बताने से इंकार किया है जिससे अमेरिकी रणनीति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

### ईरानी मिसाइल ठिकानों पर बमबारी

**वाशिंगटन, 18 मार्च.** अमेरिका के सैन्य बलों ने ईरान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर हमला किया है। कमान ने कहा कि कुछ घंटे पहले अमेरिकी बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के तटवर्ती क्षेत्र में स्थित सुदृढ़ (हार्डन) ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5,000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों का सफलतापूर्वक उपयोग किया।